कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/एफ–5/766/2016/10–11/1830 भोपाल, दिनांक 30-8-16

प्रेषक :–

एस.के.मण्डल (भा.व.से.)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, केन्द्रीय पर्यावरण भवन
लिंक रोड़ नं. 3, ई–5, रविशंकर नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।

**विषयः– रतलाम जिले में नई BG रेलवे लाईन डुंगरपुर–रतलाम व्हाया बांसवाड़ा के निर्माण हेतु 36.110 हेक्टेयर वन भूमि उत्तर पश्चिम रेलवे को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक/6-MPC010/2016-BHO/210 दिनांक 24.06.2016

----0----

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने विषयांकित प्रकरण की प्रस्तावित परियोजना संरक्षित क्षेत्र से 8.5 कि0मी0 की दूरी पर होने के कारण वन्यप्राणी अभिरक्षक का अभिमत चाहा गया है।

इस संबंध में मुख्य वन संरक्षक, उज्जैन ने अपने पत्र दिनांक 12.08.2016 द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन से अवगत कराया है कि पूर्व में कम्प्यूटर त्रुटि के कारण संरक्षित क्षेत्र की दूरी 8.50 कि0मी0 उल्लेखित हो गई थी, जबकि वास्तव में संरक्षित क्षेत्र सैलाना अभ्यारण्य से प्रस्तावित क्षेत्र की न्यूनतम् दूरी 11.20 कि0मी0 एवं अधिकतम् दूरी 27.46 कि0मी0 है। अतः प्रस्तावित क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र से 10 कि0मी0 से अधिक दूरी पर स्थित होने के कारण मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक के अभिमत की आवश्यकता नहीं है। प्रस्तावित क्षेत्र को मानचित्र एवं प्रमाण पत्र में स्पष्ट किया गया है। मानचित्र एवं प्रमाण पत्र मूलतः संलग्न कर अनुरोध है कि कृपया प्रकरण में प्रथम चरण स्वीकृति जारी करने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

29/8/16
(एस.के.मण्डल)

पृ. क्रमांक/एफ–5/766/2016/10–11/1831 भोपाल, दिनांक 30-8-16

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, उज्जैन वृत्त उज्जैन, मध्यप्रदेश।
2. वन मण्डलाधिकारी (सामान्य) वन मण्डल रतलाम, मध्यप्रदेश।
3. उप मुख्य अभियंता (निर्माण) उत्तर–पश्चिम रेलवे रतलाम, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/16

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

C:\F-5\GOI.doc

# मध्यप्रदेश शासन वन विभाग

## कार्यालय वन संरक्षक, उज्जैन वृत्त उज्जैन (म.प्र.)

उद्यन मार्ग, दमदमा, उज्जैन (म.प्र.)-456010

Ph. (0734) 2512101
E-Mail : ccfujjain@mpforest.org Fax (0734) 2512102

क्रमांक/मा.चि./2016/ 6525 उज्जैन, दिनांक 12/8/16

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(भू-प्रबंध)
म.प्र. भोपाल

विषय :– रतलाम जिले में नई BG रेलवे लाईन डुंगरपुर-रतलाम व्हाया बांसवाडा के निर्माण हेतु 36.11 हे. वनभूमि उत्तर-पश्चिम रेलवे को उपयोग पर देने बाबत्।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक/F-5/766/2016/10-11/1443 दिनांक 08-07-16.

--00--

विषयांकित प्रकरण में आपके संदर्भित पत्र से भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षैत्रीय कार्यालय भोपाल का पत्र क्रमांक/210 दिनांक 24-06-16 संलग्न किया जाकर वनभूमि व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र की सीमा से 8.5 कि.मी. की दूरी पर होने के कारण मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक का अभिमत भेजनें हेतु निर्देशित किया गया है।

प्रकरण अंतर्गत वनमण्ड़लाधिकारी, (सा.) वनमण्ड़ल, रतलाम द्वारा उनके पत्र क्रमांक/2990 दिनांक 08-08-16 से प्रेषित प्रतिवेदन अनुसार प्रकरण में पूर्व में कप्यूटर त्रुटि के कारण संरक्षित क्षेत्र से दूरी 8.5 कि.मी. उल्लेखित हो गई थी, जबकि वास्तव में संरक्षित क्षेत्र सैलाना अभयारण्य से प्रस्तावित क्षेत्र की न्यूनतम दूरी 11.2 कि.मी. एवं अधिकतम दूरी 27.46 कि.मी. है। वनमण्ड़लाधिकारी, (सा.) वनमण्ड़ल, रतलाम द्वारा इस हेतु संशोधित मानचित्र एवं प्रमाण-पत्र संलग्न किये गए है। प्रकरण आवश्यक आगामी कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

संलग्न :- 03 प्रतियों में मानचित्र।

(हस्ताक्षर) 12/8

(बी.एस. अन्निगेरी)
मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन
वन संरक्षक, उज्जैन वृत्त उज्जैन

क्रमांक/मा.चि./2016/ 6526 उज्जैन, दिनांक 12/8/16

प्रतिलिपि :- वनमण्ड़लाधिकारी, (सा.) वनमण्ड़ल, रतलाम की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

(हस्ताक्षर) 12/8

(बी.एस. अन्निगेरी)
मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन
वन संरक्षक, उज्जैन वृत्त उज्जैन

मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

आवक लिपिक
कार्या. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध)
मध्यप्रदेश भोपाल
आवक क्र 3313
19-8-16